तत्काल / समयबद्ध

पत्रांक सं0 स्था-1-चरित्र पंजिका // 2012-13 // - 435 // वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर,उ0प्र0

(स्थापना राजपत्रित)

लखनऊ ::दिनांक- 21 ::मई-2014

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर वाणिज्य कर,
उ0प्र0/ एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2-/ एडीशनल कमिश्नर
(प्रशिक्षण संस्थान) गोमती नगर / ज्वाइन्ट कमिश्नर,
डिप्टी कमिश्नर,वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश ।

आप अवगत है कि वर्ष 2012-13 से सम्बन्धित वार्षिक प्रविष्टियों के अंकित करने की समय सीमा काफी पहले समाप्त हो चुँकी है, तथा वर्ष 2013-14 से सम्बन्धित प्रविष्टियों के पूर्ण कराये जाने सम्बन्धित परिपत्र भी जारी किया जा चुका है । परन्तु अभी तक वर्ष 2012-13 से सम्बन्धित समस्त अधिकारियें की प्रविष्टियाँ मुख्यॉलय पर प्राप्त नही हुई है ।

अंत :आपसे मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वर्ष 2012-13 में आपके व आपके अधीनस्थ अधिकारियों के स्तर पर प्रतिवेदक अधिकारी / समीक्षक अधिकारी अथवा स्वीकर्ता अधिकारी के रूप में जो भी प्रविष्टियाँ अंकित की जानी है वह समस्त कार्य दिनांक-30-05-2014 तक पूर्ण कर लिया जाये ।

दिनांक-05-06-14 तक सभी अधिकारी जिन्हें प्रतिवेदक / समीक्षक / स्वीकर्ता अधिकारी के रूप में प्रविष्टि लिखनी है, निम्न प्रारूप में प्रमाण पत्र मुख्यालय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करेगे ।

प्रमाण पत्र का प्रारूप

"मै--------------------------------------(नाम)---------------------------- (पदनाम)प्रमाणित करता हूँ कि वर्ष 2012-13 में ------------------------पद पर तैनात था तथा ------------------------(सख्या) अधिकारियें का प्रतिवेदक अधिकारी -------------------------------------(संख्या) अधिकारियों के समीक्षक अधिकारी --------------------------------(संख्या)अधिकारियों का स्वीकर्ता अधिकारी था । मेरे द्वारा समस्त अधिकारियों की प्रविष्टियाँ अंकित कर दी गई है । प्रविष्टियों का कोई प्रकरण मेरे स्तर पर शेष नही है ।"

आप भलीभाँति अवगत है कि निकट भविष्य में होने वाली प्रोन्नतियों के सम्बन्ध में वर्ष 2012-13 की प्रविष्टियों की आवश्यकता होगी तथा स्वीकर्ता अधिकारी, समीक्षक अधिकरी के रूप में कमिश्नर,वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश व प्रमुख सचिव वाणिज्य कर,उत्तर प्रदेश के स्तर से तत्काल प्रविष्टियाँ पूर्ण कराने में भी कुछ समय लगता है। अत: उपरोक्तानुसार दी गई समय सीमा के अन्तर्गत प्रविष्टियाँ / प्रमाण पत्र मुख्यालय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ।

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइन्ट कमिश्नर,(स्थापना)वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश लखनऊ ।